RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 145 • 07:06:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## नतीजों के बाद कांग्रेस में उत्साह, बुलाई सीडब्ल्यूसी की बैठक

- सरकार गठन तक का देख रही सपना, 8 जून को बड़ी मीटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस 99 सीटें मिली हैं। 2014 में 52 और फिर 2019 के आम चुनाव में 52 सीटें ही पाने वाली कांग्रेस इसे बड़ी सफलता मान रही है। इससे पार्टी बेहद उत्साहित है और सरकार गठन तक का सपना देख रही है। कांग्रेस ने अब 8 जून को कार्यसमिति की मीटिंग बुलाई है। इसमें नतीजों पर चर्चा होगी और सरकार गठन के लिए कोशिश करनी चाहिए या फिर नहीं। इस पर भी बात होगी। सूत्रों का कहना है कि बैठक में



लोकसभा में पार्टी के संतोषजनक प्रदर्शन के लिए नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। कांग्रेस में इस नतीजे को लेकर उत्साह है और खासतौर पर राहुल गांधी को इसके लिए क्रेडिट दिया जा रहा है। चुनाव नतीजे के तुरंत बाद की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि राहुल गांधी ने देश भर में दो यात्राएं निकाली थीं।

इनमें लाखों लोग पार्टी से जुड़े थे। वह पूरे देश में घूमे थे। इसका फायदा भी कांग्रेस को चुनाव में अच्छे नतीजों के तौर पर मिला है। बता दें कि एनडीए को भले ही स्पष्ट बहुमत मिल गया है, लेकिन भाजपा के 272 सीटों के आंकड़े से 32 दूर रह जाने से कांग्रेस उत्साहित है। कांग्रेस समेत इंडिया अलायंस में शामिल आरजेडी जैसे दलों को लगता है कि यदि एनडीए में गठबंधन पर बिगड़ती है तो वे सरकार भी बना सकते हैं।

# मैं नरेंद्र दामोदर दास मोदी...

**9 जून को तीसरी बार गूंजेगी यह आवाज**

## मोदी मंत्रिमंडल लेगा शपथ, राष्ट्रपति भवन में तैयारी हुई शुरू

**पड़ोसी देशों के प्रमुख भी शपथ ग्रहण समारोह के होंगे हिस्सा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी तीसरी बार 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सूत्रों की मानें तो मोदी मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के लिए रविवार का दिन तय हो चुका है। विदेशी मेहमानों को भी यही बताया गया है। वो 9 जून को ध्यान में रखकर ही शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने दिल्ली पहुंचेंगे। इससे पहले, शक्रवार, 7 जून को बीजेपी संसदीय दल की बैठक होगी जिसमें नरेंद्र मोदी को नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही राजधानी दिल्ली में राजनीतिक हलचल तेज है। बुधवार को दिल्ली में एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के दलों ने अलग-अलग बैठकें कीं। दोनों ही गठबंधनों में अपने-अपने सहयोगी दलों के बीच भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्तमान लोकसभा को भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दे दी गई। उसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने



17वीं लोकसभा को भंग कर दिया। राष्ट्रपति ने मोदी कैबिनेट की विदाई भोज भी दिया। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को ही बयान जारी कर यह बताया था कि नए केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण की तैयारी के लिए राष्ट्रपति भवन 5 से 9 जून तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा। ध्यान रहे कि 4 जून को आए चुनावी नतीजों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 293 सीटों के साथ फिर से बहुमत मिला है।

## भाजपा के जीते हुए मंत्री फिर से होंगे रिपीट!

- चुनाव हारीं स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर को फिर से मौका मिलने की संभावना

नई दिल्ली (एजेंसी)। जेपी नड्डा के घर पर राजनाथ सिंह, अमित शाह और नड्डा की बैठक खत्म हो गई है। जानकारी के अनुसार दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर गुरुवार (6 जून) को अहम बैठक हुई। इसमें अमित शाह और राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में नई सरकार बनाने,



भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में जगह देने और शपथ ग्रहण की तैयारियों समेत कई मुद्दों पर चर्चा की खबर हैं।

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीते हुए लगभग सभी मंत्री इस बार रिपीट होंगे। विवाद से जुड़े चेहरों के नाम मंत्री पद की लिस्ट से काटे जा सकते हैं। चुनाव हारीं स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर को पार्टी एक और मौका दे सकती है। इन्हें फिर से मंत्री पद मिल सकता है। स्मृति और राजीव को मंत्री बनने के बाद छह महीने के अंदर या तो किसी खाली सीट से लोकसभा चुनाव जीतना होगा या फिर उन्हें राज्यसभा भेजकर मंत्री पद दिया जा सकता है।

## मोदी की शपथ के बाद भारत आएंगे अमेरिकी एनएसए

- व्हाइट हाउस ने की पुष्टि, अमेरिका-भारत के रिश्तों पर होगी बात

वॉशिंगटन (एजेंसी)। गुरुवार को व्हाइट हाउस की तरफ से बताया गया कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान जल्दी ही भारत दौरे पर जाएंगे। इस दौरे पर वह अमेरिका-भारत के रिश्तों पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार बहुमत मिलने पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन पर बधाई दी। इसी दौरान बाइडेन ने जेक सुलिवान की भारत यात्रा के बारे में बात की। बाइडेन के पीएम मोदी को किए फोन कॉल के बारे में व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस को भारतीय लोकसभा चुनावों में मिली सफलता पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के राजनैतिक, कूटनीतिक और आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने पर बात की। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की भारत यात्रा कब होगी इस पर अभी कोई तारीख की घोषणा नहीं हुई है।



## चंद्रबाबू नायडू 12 जून को लेंगे सीएम पद की शपथ

**चौथी बार बनेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, मोदी सहित नई कैबिनेट के कई मंत्री रहेंगे मौजूद**

**अमरावती (एजेंसी)।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। समारोह अमरावती में होगा। इसमें नरेंद्र मोदी और नए केंद्रीय कैबिनेट के कई मंत्री शामिल होंगे। नायडू का शपथ समारोह पहले 9 जून को होने वाला था। हालांकि, मोदी के शपथ समारोह के चलते इसे टाल दिया गया। चंद्रबाबू नायडू चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है। इससे पहले उन्होंने 1 सितंबर 1995, 11 अक्टूबर 1999 और 8 जून 2014 को तीन बार सीएम पद की शपथ ली थी। 2019 में पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने जीत दर्ज कर उनसे सत्ता छीनी थी। सूत्रों के मुताबिक, नायडू शपथ ग्रहण के दिन अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने का ऐलान कर सकते हैं। 2 जून को हैदराबाद को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की संयुक्त राजधानी रखने के लिए 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया। अभी आंध्र देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसकी कोई राजधानी नहीं है। अमरावती नायडू के लिए खास महत्व रखता है। 2014 में आंध्र प्रदेश का बंटवारा दो हिस्सों में हुआ था। तेलंगाना अलग राज्य बना। 2014 के आंध्र प्रदेश पुनर्गठन एक्ट के मुताबिक, हैदराबाद ही इन दोनों राज्यों की राजधानी बनी रही, लेकिन एक्ट के मुताबिक ये सिर्फ 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट था। 10 साल बाद यानी 2024 तक आंध्र को अपनी नई राजधानी बनानी थी। आंध्र के बंटवारे के साल यानी 2014 के विधानसभा चुनाव में चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी विजयी हुई। नायडू ने सीएम बनने के बाद अमरावती को राजधानी बनाने का ऐलान किया था। अमरावती में जमीन




अधिग्रहण और निर्माण कार्य भी शुरू हो गया था। हालांकि, 2019 में फिर सत्ता बदली और तत्कालीन सीएम जगन मोहन ने अमरावती की जगह राज्य की तीन राजधानी बनाने की घोषणा कर दी। तीन-तीन राजधानियों के ऐलान के साथ ही अमरावती में विरोध प्रदर्शन हुए। मामला हाई कोर्ट पहुंचा। हाई कोर्ट ने मार्च 2022 में अमरावती को राजधानी बनाने के हक में फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार सिर्फ अपनी इच्छा की वजह से तीन राजधानियां नहीं बना सकती। कोर्ट ने सरकार को अमरावती में चल रहा राजधानी का निर्माण कार्य अगले छह महीने में पूरा करने का आदेश दिया था। हालांकि, अब तक आंध्र प्रदेश को अपनी राजधानी नहीं मिल सकी है। इधर, 2 जून को कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने से पहले तेलंगाना सरकार ने इमारतों को खाली करने का आदेश दे दिया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जगाई आस, अब जल्द ही दिल्ली की बुझेगी प्यास

बोला-हिमाचल, दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी दे, हरियाणा मदद करे

**पांच दिन में रिपोर्ट मांगी, दिल्ली सरकार से कहा-पानी की बर्बादी रोकें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार ने राज्य में जलसंकट के चलते सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी कि वह हरियाणा, हिमाचल और उत्तर प्रदेश को एक महीने एक्स्ट्रा पानी देने का निर्देश दे। कोर्ट ने 6 जून को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हिमाचल को पानी देने में कोई आपत्ति नहीं है, इसलिए वह अपस्ट्रीम से 137 क्यूसेक पानी दिल्ली के लिए छोड़े। वहीं, हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि जब पानी हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा जाए तो हरियाणा वजीराबाद तक पानी पहुंचाने में मदद करे, ताकि बिना किसी बाधा के दिल्ली



के लोगों को पीने का पानी मिल सके। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भी पानी की बर्बादी रोकने कहा है। जस्टिस पी के मिश्रा और केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने 7 जून से ही पानी छोड़ने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा- पानी की बर्बादी नहीं होनी चाहिए, न ही कोई राजनीति होनी चाहिए। कोर्ट ने सभी पक्षों से सोमवार 10 जून तक इस मामले पर रिपोर्ट सौंपने कहा है। दिल्ली सरकार ने जल सकंट पर 31 मई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को एक महीने तक एक्स्ट्रा पानी छोड़ने का निर्देश देने की मांग की गई थी। दिल्ली में जल संकट के दो कारण हैं- गर्मी और पड़ोसी राज्यों पर निर्भरता। दिल्ली के पास अपना कोई जल स्रोत नहीं है। पानी के लिए यह पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली हर दिन 32.1 करोड़ गैलन प्रति दिन पानी की कमी से जूझ रहा है।

**सम्राट चौधरी बोले-**

## नीतिश के नेतृत्व में लड़ेंगे मिशन 2025 का चुनाव

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद केंद्र में सियासी उठापटक जारी है। इन सबके बीच बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम 2025 का चुनाव नीतिश के नेतृत्व में लड़ेंगे। वे बिहार के नेता हैं। इंडिया गठबंधन की मीटिंग को सम्राट चौधरी ने फालतू बताया। पत्रकारों ने जब सम्राट चौधरी से पूछा कि क्या बीजेपी 2025 में नीतिश के नेतृत्व में विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। इस पर सम्राट चौधरी ने कहा कि इसमें दिक्कत क्या है। बिहार में 1996 से हम नीतिश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में जनता ने एनडीए को 75 परसेंट मार्क्स दिए हैं। जो लोग परसेप्शन बना रहे थे वो गलत हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतिश कुमार के नेतृत्व में हमने चुनाव लड़ा। चुनाव प्रबंधन में जो हमारी बिहार की टीम थी उसके नेतृत्व में हम चुनाव लड़े। 25 फीसदी मार्क्स हमारे कटे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि जिन सीटों पर हम चुनाव हारे हैं उसकी समीक्षा हो रही है।

## पटनायक के चुनाव हारते ही लापता हुए वीके पांडियन

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में लोकसभा और विधान सभा चुनावों में बीजू जनता दल (बीजद) और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की हार के बाद उनके सबसे करीबी सहयोगी और पूर्व आईएएस



अधिकारी वीके पांडियन लापता हो गए हैं। उन्हें इस हार के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मंगलवार को आए चुनाव नतीजों के बाद से पांडियन सार्वजनिक तौर पर कहीं नहीं दिखे हैं। जब निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इस्तीफा देने राजभवन गए, तब भी पांडियन उनके साथ नहीं थे। इतना ही नहीं, जब बुधवार को नवीन पटनायक ने नवीन निवास में बीजद के नवनिर्वाचित 51 विधायकों के साथ बैठक की, तब वहां से भी पांडियन नदारद थे, जबकि वह चौबीसों घंटे नवीन पटनायक के साथ साए की तरह रहते रहे हैं। पांडियन के इस तरह गायब होने पर अब बीजद के अंदर ही सवाल उठने लगे हैं। साथ ही हार का ठीकरा उसके सिर पर फोड़ने पर भी सवाल उठाए जाने लगे हैं।

**सीएम के साथ चौबीसों घंटे साए की तरह रहते थे पूर्व आईएएस**

## चारधाम यात्रा पर आए 2 विदेशी श्रद्धालुओं की मौत

- रुद्रप्रयाग से पहले गाड़ी पर पहाड़ी से गिरा पत्थर, टेम्पो-ट्रैवलर की छत तोड़कर अंदर घुसा

**देहरादून (एजेंसी)।** ऋषिकेश- बद्रीनाथ हाईवे पर नरकोट के पास एक बड़ा हादसा हुआ है। रुद्रप्रयाग से 5 किमी पहले पहाड़ी से गिरे बड़े बोल्डर की चपेट में आकर 2 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 7 यात्री घायल हो गए। सभी यात्री अमेरिका के न्यूयार्क के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। यात्री बद्रीनाथ की यात्रा करने के बाद ऋषिकेश की ओर लौट रहे थे। हादसा बुधवार शाम का बताया जा रहा है। जब सभी प्रवासी भारतीय भगवान बद्रीनाथ के दर्शन कर ऋषिकेश लौट रहे थे। इस दौरान रुद्रप्रयाग से पहले नरकोट के पास पहाड़ी से भारी बोल्डर उनके टेंपो ट्रैवलर पर गिर गया। बोल्डर इतना बड़ा था कि टेंपो ट्रैवलर की छत तोड़कर सीधे अंदर घुस गया। इसमें न्यूयार्क में रहने वाले भारतीय अमित सिकंदर (62) और बुद्धदेव मजूमदार (74) की मौके मौत हो गई।



## कोटा में एक और मौत, छात्रा ने 9वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**आत्महत्या रोकने में विफल पुलिस की धमकी-फुटेज चलाया तो केस दर्ज करेंगे**

**कोटा/रीवा (एजेंसी)।** कोटा में नीट की तैयारी कर रही एमपी के रीवा की छात्रा ने अपॉर्टमेंट की 9वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। पड़ोस के फ्लैट में रहने वाली महिला ने उसे गैलरी से कूदते हुए देखा। महिला कुछ समझ पाती, उससे पहले ही छात्रा ने छलांग लगा दी। उसका एक दिन पहले ही नीट का रिजल्ट आया था। कम मार्क्स आने से वो डिप्रेशन में चल रही थी। वह बुधवार दोपहर डाउट क्लियर करने क्लास भी गई थी। मामला कोटा (राजस्थान) के जवाहर नगर इलाके का बुधवार शाम 4 बजे का है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें छात्रा छलांग लगाती हुई दिख रही है। एक महिला जैसे ही फ्लैट से निकलकर उसे देखती है, बगिशा छलांग लगा देती है। इधर, कोटा में छात्रों की आत्महत्या रोकने में नाकाम पुलिस प्रशासन अब घटना का सीसीटीवी फुटेज चलाने से रोकने का प्रयास कर रही है। कोटा की एसपी अमृता दुहन ने वॉट्सऐप ग्रुप पर धमकी दी है कि घटना के वीडियो से आइडिया लेकर किसी अन्य ने आत्महत्या की तो सीसीटीवी चलाने वालों पर आपराधिक केस दर्ज किया जाएगा। जवाहर नगर थानाधिकारी हरिमोहन शर्मा ने बताया- बगिशा तिवारी (18) रीवा मध्यप्रदेश के गुढ़ (अनंतपुर) की रहने वाली थी। वह कोटा के जवाहर नगर इलाके की पुखराज एलिमेंट बिल्डिंग की 9वीं मंजिल के फ्लैट नं. 503 में रहती थी। साथ में मां व छोटा भाई भी रहते थे। बगिशा 3 साल से नीट की तैयारी कर रही थी। उसका भाई 11वीं में पढ़ता है। वो भी नीट की तैयारी कर रहा है।



## चुनाव में खूब किया प्रचार आप तो लगते नहीं बीमार

- केजरीवाल के जमानत मांगने पर कोर्ट ने खूब सुनाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से राउज एवेन्यू कोर्ट ने इनकार कर दिया। बुधवार को कोर्ट ने केजरीवाल की अपील यह कहते हुए खारिज कर दी कि चुनाव के दौरान उन्होंने खूब प्रचार किया और यह दिखाता है कि वह किसी गंभीर या जीवन संकट में डालने वाली बीमारी से ग्रस्त नहीं हैं। केजरीवाल ने कुछ जरूरी टेस्ट करवाने के लिए 7 दिन की मोहलत मांगी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक स्पेशल जज कावेरी बवेजा ने कहा कि डायबिटीज या यहां तक कि टाइप-2 डायबिटीज को इतना गंभीर नहीं कहा जा सकता है कि वह दावे के मुताबिक राहत के हकदार हों। कोर्ट ने कहा कि किटोन लेवल और वजन में कमी के निर्धारण के लिए टेस्ट करवाने के लिए अंतरिम राहत का आधार मेडिकल ग्राउंड से कमजोर है। कोर्ट ने कहा, जाहिर तौर पर खुद आवदेक के मुताबिक वह अंतरिम जमानत संभावित बीमारी का पता लगाने के लिए चाहते हैं, इसे राहत के लिए उचित आधार नहीं कहा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में महिला का मंगलसूत्र चोरी, वट सावित्री पूजा के दौरान उचक्कों ने उड़ाया, फुलवारी शरीफ थाने में केस दर्ज

**पटना**। पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में वट सावित्री पूजा के दौरान एक महिला का मंगलसूत्र चोरी हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो पीड़िता ने इसकी लिखित शिकायत थाने में दी है। रानीपुर रोड निवासी पूजा कुमारी ने बताया कि परिवार के कुछ सदस्यों के साथ आदर्श नगर शिव मंदिर स्थित तालाब के पास पूजा करने गई थी। इस दौरान गले से मंगलसूत्र चोरी हो गया।



भीड़ काफी थी, कुछ पता ही नहीं चला। घटना के बाद आसपास की महिलाओं से पूछा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद लिखित शिकायत फुलवारी शरीफ थाने में दी है। उन्होंने आगे कहा कि मंगलसूत्र की कीमत एक लाख रुपए के आसपास है। थाना प्रभारी ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### वंदे भारत में महिलाओं से अधिक पुरुषों ने किया सफर, रेलवे बोर्ड ने जारी की रिपोर्ट

**पटना**। रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी की है। पटना समेत देशभर के अन्य शहरों से चलने वाली 102 वंदे भारत एक्सप्रेस में मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक 38.3% महिला, जबकि 61.7% पुरुष यात्रियों ने सफर किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश की 102 वंदे भारत ट्रेनों द्वारा 18,423 ट्रिप लगाए गए हैं। इस दौरान 97.72 लाख किमी से ज्यादा की दूरी तय की गई। 26 से 45 वर्ष के यात्रियों की हिस्सेदारी 45.9%, जबकि सीनियर सिटीजन की 15.7%



रही। वंदे भारत की अधिकतम स्पीड 160 किमी है। यह टक्कररोधी कवच प्रणाली से सुसज्जित है। स्वचालित तकनीक से बंद और खुलने वाले दरवाजे हैं। ये दरवाजे तब तक नहीं खुलेंगे, जब तक ट्रेन पूरी तरह से रुक न जाए। एग्जीक्यूटिव क्लास में 180 डिग्री घूमने वाली आरामदायक सीटें हैं। प्रत्येक सीट के नीचे मोबाइल और लैपटॉप चार्ज करने के लिए प्वाइंट की सुविधा है। दिव्यांगजनों के अनुकूल शौचालय सहित अन्य सुविधाएं हैं। बेहतर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, फायर सिस्टम, आपातकालीन खिड़कियां, आपातकाल में यात्रियों को गार्ड और ड्राइवर से बात करने लिए टॉक बैक सिस्टम है।

### राम कथा मोक्ष प्राप्ति का रास्ता दिखाती है -मुरारी बापू

**चाणक्य भूमि संवाद सूत्र**। वाल्मीकिनगर में रामचरित मानस सत्संग के छठे दिन संतश्री मुरारी बापू ने गुरुवार को शिव विवाह और भगवान श्रीराम के जन्म की कथा सुनाई। राम जन्म प्रसंग सुनाते हुए दांपत्य जीवन को आनंदमय बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दांपत्य जीवन सुखमय बनाने के लिए तीन फॉर्मूले हैं, प्रेम, आदर और ठाकुर की सेवा। पति को पत्नी से प्रेम करना चाहिए। पत्नी अपने पति को पूरा आदर दें और दोनों मिलकर ठाकुर की सेवा करें तो घर अवध बन जाएगा। यह तीन सूत्री फॉर्मूला जहां अपनाया गया, वहां श्रीराम का जन्म होगा। राजा दशरथ और कौशल्या के प्रेम के कारण भगवान राम प्रकट हुए। रामकथा रसमयी है। परमात्मा आज भी लीला कर रहा है। परमात्मा आएगा तो कृपा हो जाएगी। परिक्रमा के लिए जहां भी जाओ, परमात्मा साथ है। परिक्रमा प्रवाही परंपरा है। उन्होंने कहा कि जीवन रूपी रथ कृष्ण को सौंप दो। वह चलाएंगे तो मार्ग से नहीं भटकोगे। बीच-बीच में उपदेश देकर मार्गदर्शन भी करेंगे। अपनी लीलाओं से आनंद भी कराएंगे।उन्होंने बताया कि राम कथा को सर्वप्रथम भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया था। यह ऐसी पवित्र कथा है जो कि जीवन के समस्त दुखों का विनाश कर मोक्ष प्राप्ति का रास्ता दिखाती है। उन्होंने भगवान शंकर माता पार्वती के विवाह के रोचक प्रसंग सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। साधना के लिए तीन चीजों गुरु की पूर्ण कृपा, मंत्र शुद्धि और एकांत व मौन जरूरी है। बिना गुरु के कोई भी साधना नहीं कर सकता। साधन के लिए मंत्र शुद्धि की जरूरत होती है। गुरु जो भी दे, वहीं मंत्र होता है। शिष्य को उसी का जाप करना चाहिए। तीसरी और सबसे जरूरी चीज एकांत और मौन है। साधना दो लोग एक साथ बैठ कर नहीं कर सकते हैं। ये एकांत में होती है। गुरु के मुख से जो भी निकले, उसे शुद्ध हृदय से जपना चाहिए।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज दुबौलिया में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**चाणक्य भूमि(मझौलिया) मझौलिया**।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुबौलिया स्थित शुभवंती ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में अनुशांगिक इकाइयों पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर,फार्मेशी कॉलेज परिसर तथा मैनेजमेंट कॉलेज परिसर में फलदार पौधे के लगाये गये।पौधारोपण के अलावे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे विश्वसरैया ग्रुप के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जिसमे समीक्षा कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,सपना कुमारी और शिबानी लूना का नाम उल्लेखनीय है।डॉ. दी बी रमनं के प्रतिभागी दूसरे स्थान पर रहे।इस ग्रुप के प्रतिभागियों में दीपक कुमार,अनुप कुमार,अंजलि कुमारी और आस्था कुमारी का नाम उल्लेखनीय है। तृतीय श्रेणी के प्रतिभागियों में शुभम कुमार मिश्र,अमन कुमार,राजू कुमार,विशाल कुमार,शौकत अली,फरीदा बख्तियार और अमित कुमार,शमीरा बख्तियार का नाम उल्लेखनीय है।समारोह के सफल संचालन में पंकज कुमार,शाहिल कुमार,अभिषेक आनंद,अभिमन्यु कुमार ,रविभूषण कुमार, मिथलेश कुमार आनंद कुमार,राजकिशोर कुमार,विकास कुमार,आशुतोष कुमार,चंदन कुमार आदि का अहम भूमिका रही।पौधारोपण और क्विज प्रतियोगिता को लेकर कालेज के छात्र छात्राओं में उत्साह दिखा।

### लड़की की अश्लील तस्वीर वायरल कर युवक द्वारा धमकी का आवेदन

**चाणक्यभूमि संवादसूत्र।शिकारपुर** । थाना के एक गांव की लड़की की अश्लील तस्वीर वायरल कर उसके परिजनों को धमकी दी जा रही है।मामले में लड़की के पिता ने शिकारपुर थाने में आवेदन सौपा है।इसमे रामनगर नेपाली टोला के विनय कुमार को आरोपित किया गया है।आरोप है कि आरोपित उसकी लड़की की तस्वीर फेसबुक से हैक कर वायरल कर रहा है।तस्वीर के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील तस्वीर बना उसे वाट्सअप और फेसबुक पर आरोपित लगातार वायरल कर रहा है।जब उसे समझाने की कोशिश की गई तब उसने और भी अश्लील तस्वीर बनाकर वायरल करने की धमकी दी है।आवेदन में लड़की के पिता ने बताया है कि पढ़ाईं के दौरान ही उसकी पुत्री को परेशान किया जा रहा था।इसकी शिकायत उसकी पुत्री ने की थी।समझाने के वावजूद भी युवक नही मान रहा है।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व मुखिया के भतीजे का मिला शव, 18 वर्षीय युवक दो दिन से था लापता, परिजनों ने गुमशुदगी की दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**पटना**। बिहटा थाना क्षेत्र में पूर्व मुखिया के भतीजे का शव बुधवार देर रात पैनाल गांव के बधार से मिला। मृतक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के रामपुरा इस्माइल बहपुरा गांव निवासी विश्वनाथ प्रसाद का 18 वर्षीय कुंदन कुमार के रूप में हुई है। कुंदन कुमार दो दिन से घर से लापता था। बुधवार देर रात पैनाल गांव के बगीचे के समीप एक बोरिंग से शव मिला। लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी और कार्रवाई में जुट गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतक के चाचा पूर्व मुखिया बिल्ली यादव ने बताया कि बीते दो दिन से हमारा भतीजा कुंदन कुमार लापता था। गुमशुदगी की प्राथमिकी बिहटा थाना में दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अगर पुलिस-प्रशासन थोड़ी से चुस्ती दिखाती तो शायद घटना नहीं होती।

# जमीन विवाद में पूर्व मुखिया के बेटे को मारी गोली

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, पटना में ढाई घंटे तक लोगों ने सड़क जाम रखा

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दीघा इलाके में पूर्व से चल रहे जमीन विवाद को लेकर नकटा दियारा पंचायत के पूर्व मुखिया भागीरथ प्रसाद के बेटे मुकेश कुमार गोपी को गोली लगने की बात सामने आई है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। आक्रोशित लोगों ने दीघा-दानापुर सड़क को ढाई घंटे तक जाम किया। पुलिस के खिलाफ लोगों में काफी आक्रोश रहा। पीड़ित परिजनों ने थाना अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना से आधे घंटे पहले लिखित शिकायत दी गई थी कि कुछ लोग जमीन पर कब्जा करने वाले हैं, लेकिन थाने की एक भी पुलिस नहीं पहुंची और युवक को गोली मार दी गई। मौके से पुलिस ने 6 खोखा बरामद किया है। घटना में मुकेश कुमार गोपी को दो गोली लगी है।। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दीघा DSP- 2 समेत कई थानों की पुलिस पहुंचकर लोगों को समझाने के प्रयास में जुटी हुई है।



**पिछले रविवार को भी हुई थी झड़पः** वहीं इससे पहले पिछले रविवार को भी जमीनी विवाद में पूर्व मुखिया के परिजनों से मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। हालांकि पुलिस ने गोलीबारी जैसी घटना से इनकार कर दिया था, लेकिन उस मामले को लेकर दीघा थाने में पीड़ित ने लिखित शिकायत दर्ज कराया था और पुलिस जांच ही कर रही थी कि आज फिर से गोलीबारी की घटना हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# 'जहरीले कांटों की कटाई भी होगी और छंटाई भी'

**एजेंसी, पटना।**

लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्या की हार का विश्लेषण जारी है। रोहिणी को सारण लोकसभा चुनाव में बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी ने हरा दिया। रोहिणी ने लालू प्रसाद को किडनी डोनेट किया था। तब उनकी काफी तारीफ हुई थी। लोकसभा चुनाव में जब उन्हें आरजेडी से टिकट मिला तो सभी को उम्मीद थी कि सहानुभूति लहर रोहिणी की तरफ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

**सोशल मीडिया पर रोहिणी के बयानः** वहीं अब चुनाव परिणाम के बाद भी रोहिणी का तेवर खूब दिख रहा है। रोहिणी आचार्या ने एक्स पर लिखा है कि- ' जिसने जैसा किया है, वो वैसा भरेगा, जहरीले कांटों की कटाई भी होगी औऱ छंटाई भी।' अन्य पोस्ट में रोहिणी ने लिखा है- ' जीत और हार तो सोच पर निर्भर करती है, मान लिया तो हार और ठान लिया तो जीत, ठीक ऐसे ही भीतरघात और विश्वासघात को भी परख और पहचान से परास्त किया जाता है... परख भी है, पहचान भी और परास्त करने की काबिलियत भी... प्रहार भी होगा... प्रतिकार भी।' रोहिणी अपने पोस्ट से अपना संकल्प भी दिखा रही हैं कि वो हार से विचलित नहीं हुई हैं।



♦ हार के बाद रोहिणी आचार्या ने एक्स पर लिखा- रुकावट को पीछे छोड़ करूंगी हर मैदान फतेह, हर मैदान फतेह

रोहिणी ने लिखा है कि 'पहली बाधा से तनिक भी विचलित नहीं, अभी तो बहुत ऊंची उड़ान भरनी है... मेरा परिवार मेरी ताकत है, मेरी विश्वास भी.. वादा है मेरा हैसलों के आड़े आने वाली हर रुकावट को पीछे छोड़ करूंगी हर मैदान फतेह... हर मैदान फतेह।'

**दो निर्दलीय ने कैसे खेल बिगाड़ाः** रोहिणी आचार्या की हार के विश्लेषण में यह भी चर्चा खूब है कि सारण मे दो निर्दलीय ने भी खेल कर दिया। राजीव प्रताप रुढ़ी को 4 लाख 71 हजार 752 वोट मिले, जबकि आरजेडी की रोहिणी आचार्या को 4 लाख 58 हजार 091 वोट।

# 'नीतीश कुमार स्टील हैं, उन्हें हिलाया नहीं जा सकता'

**एजेंसी, पटना।**

लोकसभा चुनाव में जदयू का बेहतरीन प्रदर्शन के बाद नेताओं का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। लोकसभा में शानदार स्ट्राइक रेट के बाद जदयू अभी से ही अगले साल होने वाले चुनाव पर ताल ठोक दी है। जदयू ने स्पष्ट किया है कि 2025 का चुनाव नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे और जीतेंगे। इसी बीच मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि नीतीश कुमार स्टील हैं, जहां खड़े होते हैं, वहां मजबूती से खड़े होते हैं। उन्हें हिलाया नहीं जा सकता है। जो तीन नंबर की पार्टी कहते हैं, उन्हें आज पता चल गया कि देश और राज्य में नीतीश का जलवा है। बिहार सरकार के मंत्री और जदयू के सीनियर लीडर श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में जदयू का परफॉर्मेंस अच्छा रहा है। बिहार में JDU ने 12 सीट पर जीत



दर्ज किया है। विकट परिस्थिति के बीच यह जीत बड़ी हो जाती है।

**'बिहार को विशेष राज्य का दर्जा चाहिए':** श्रवण कुमार ने कहा कि विशेष राज्य के दर्जे के मुद्दे पर जदयू कभी समझौता नहीं कर सकता है। श्रवण कुमार ने कहा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा चाहिए। विशेष राज्य की मांग खत्म नहीं हुई है। यह हमारी पुरानी मांग है। इंडिया गठबंधन के प्रलोभन पर श्रवण कुमार ने कहा है कि कल तक वह क्या नहीं कहते थे। वह कितनी तरह की बातें करते थे।

# 7 जिलों में झमाझम बारिश, पटना में आंधी

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के 12 से ज्यादा जिलों में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। नालंदा, बगहा, पूर्णिया, गोपालगंज, मोतिहारी, आरा, शेखपुरा और बेतिया में सुबह- सुबह झमाझम बारिश हुई है। शेखपुरा, पटना, अरवल और सीवान में सुबह-सुबह बादल छाए और तेज आंधी चली। बक्सर में भी सुबह से तेज हवा चल रही है। मौसम विभाग ने 9 जिलों में आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। पूर्वी चंपारण, सारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, पटना, भोजपुर, बक्सर जिले के कुछ भागों में बारिश हो सकती है। इस दौरान 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, दक्षिणी पश्चिमी मानसून पश्चिम बंगाल के इस्माइलपुर तक पहुंच चुका है। बिहार



♦ 9 शहरों में आकाशीय बिजली का अलर्ट, 30-40KM प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

में मानसून की बारिश समय पर होगी। 10 से 15 जून के बीच मानसून दस्तक दे सकता है। इधर, मौसम विभाग की माने तो बिहार में लोगों को गर्मी से राहत मिलने की फिलहाल उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र ने औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में उमस भरी गर्मी लोगों को सताएगी।

**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसमः** 7 जून को राज्य के दक्षिण मध्य और दक्षिण पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू चलने की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। 8 जून को राज्य के दक्षिण मध्य और दक्षिण पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने का अनुमान है। 9 जून को राज्य के जमुई, दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। वहीं राज्य के उत्तर-पश्चिम और उत्तर-मध्य भागों के जिलों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।

# केसी त्यागी बोले- बिना शर्त सपोर्ट, विशेष राज्य का दर्जा मिले और अग्निवीर योजना की समीक्षा हो

**एजेंसी, पटना।**

लोकसभा चुनाव में किंगमेकर बनने के बाद जदयू की तरफ से बड़ा बयान सामने आया है। दिल्ली में एनडीए सरकार गठन से पहले जदयू के सीनियर लीडर और प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा है कि केन्द्र की सरकार को बिना शर्त सपोर्ट है। लेकिन बिहार को विशेष राज्य के दर्जा की मांग हमारे दिल और दिमाग में है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर मतदाताओं का एक वर्ग नाराज है। हमारी पार्टी चाहती है कि जिन कमियों पर जनता ने सवाल उठाए हैं उन पर विस्तार से चर्चा हो और उन्हें दूर किया जाए। जदयू के महासचिव केसी त्यागी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड(यूसीसी) पर कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर सीएम ने विधि आयोग प्रमुख को पत्र लिखा चुके हैं। हम इसके खिलाफ नहीं हैं लेकिन सभी



हितधारकों,पॉलिटिकल पार्टियों से बात कर इसका समाधान निकालना चाहिए।

**बिहार को विशेष राज्य का दर्जा चाहिएः** बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने भी कहा है कि विशेष राज्य के दर्जे के मुद्दे पर जदयू कभी समझौता नहीं करेगी। श्रवण कुमार ने कहा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा चाहिए। विशेष राज्य की मांग खत्म नहीं हुई है। यह हमारी पुरानी मांग है।

**2022 को लागू की गई थी अग्निवीर स्कीमः** केंद्र सरकार ने 14 जून 2022 को सेना की तीनों शाखाओं- थलसेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं की बड़ी संख्या में भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी। इस स्कीम के तहत नौजवानों को सिर्फ 4 साल के लिए डिफेंस फोर्स में सेवा देनी होगी।

### किराए के कमरे में मिली छात्र की लाश

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र के RDS कॉलेज के समीप एक मोहल्ले में गुरुवार को होमियोपैथी कॉलेज के एक छात्र का शव रेंट के कमरे में फंदे से लटका मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना सदर थाना की पुलिस और परिजन को दी है। टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। पुलिस की विशेष टीम घटना की जांच में जुटी हुई हैं। मृत छात्र की पहचान विवेक कुमार के रूप में हुई। राय बहादुर टुनकी शाह गवर्नमेंट होमियोपैथी कॉलेज का 2019 बैच का छात्र है । सदर थाना के पुलिसकर्मी ने बताया कि RBTS कॉलेज के एक छात्र का पंखे से लटका शव मिला है। छानबीन की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम लिए भेज दिया गया है। जांच के अनुसार प्रथम दृश्य आत्महत्या का लग रहा है।

### पटना में ट्रक का ब्रेक फेल, ऑटो से हुई टक्कर, बाल-बाल बचे दोनों ड्राइवर

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी के दीदारगंज थाना क्षेत्र के बाईपास में गुरुवार को अचानक एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। ट्रक अनियंत्रित होकर माल वाहक ऑटो से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियों के आगे के भाग के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच लोगों ने माल वाहक ऑटो के ड्राइवर को किसी तरह बाहर निकाला। हालांकि इस हादसे में ऑटो का ड्राइवर बाल बाल बच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दीदारगंज थाने की पुलिस ने बताया कि ट्रक का ब्रेक अचानक फेल हो जाने से एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर घंटे अफरा तफरी का माहौल बना रहा।



**दोनों ड्राइवरों की स्थिति बिल्कुल ठीक : पुलिसः-** घटना के बारे में बताया जा रहा है कि एक ट्रक तेज रफ्तार से फतुहा की तरफ से आ रही थी, वहीं दूसरी तरफ विपरीत दिशा से एक माल वाहक ऑटो फतुहा की तरफ जा रही थी। अचानक दीदारगंज बाईपास के नजदीक ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने से दोनों गाड़ियों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियों के आगे की भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एक जोरदार आवाज के साथ दोनों गाड़ियां बीच सड़क पर हादसे का शिकार हो गई।

# सम्राट चौधरी बोले-नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे 2025 का चुनाव

## वो बिहार में हमारे नेता हैं, इंडिया गठबंधन की मीटिंग को बताया फालतू की बात

**एजेंसी, पटना।**

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद केंद्र में सियासी उठापटक जारी है। इन सबके बीच बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम 2025 का चुनाव नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे। वे बिहार के नेता हैं। I.N.D.I.A गठबंधन की मीटिंग को सम्राट चौधरी ने फालतू बताया। पत्रकारों ने जब सम्राट चौधरी से पूछा कि क्या BJP 2025 में नीतीश के नेतृत्व में विधानसभा का चुनाव लड़ेगी? इस पर सम्राट चौधरी ने कहा कि इसमें दिक्कत क्या है। बिहार में 1996 से हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में जनता ने एनडीए को 75 परसेंट मार्क्स दिए हैं। जो लोग परसेप्शन बना रहे थे वो गलत हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमने चुनाव लड़ा। चुनाव प्रबंधन में जो हमारी बिहार की टीम थी उसके नेतृत्व में हम चुनाव लड़े। 25 फीसदी मार्क्स हमारे कटे हैं।सम्राट चौधरी ने कहा कि जिन सीटों पर हम चुनाव हारे हैं उसकी समीक्षा हो रही है। वहीं एनडीए की मीटिंग में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा भी दिल्ली के लिए रवाना हुए। इससे पहले पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि कहना क्या है, जो है सब जानते है। मैं हरा हूं या हरवाया गया हूं सब जानते हैं।

**बिहार के दोनों डिप्टी सीएम समेत एनडीए के सांसद दिल्ली रवानाः** एक तरफ इंडिया गठबंधन नीतीश कुमार को अपने पाले में करने की कोशिश कर रहा है। वहीं BJP, नीतीश कुमार को NDA में बनाए रखने के प्रयास में जुटा है। केंद्र में मजबूत



सरकार बने, इसको लेकर NDA के नेताओं की कल दिल्ली में बैठक होनी है। इस बैठक में बिहार के राजनीतिक हालात और रणनीति को लेकर बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिंह दिल्ली रवाना हो गए हैं। इसके अलावा पटना साहिब से बीजेपी सांसद रवि शंकर प्रसाद, आरएलएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, सीतामढ़ी से जेडीयू सासंद देवेश चंद्र ठाकुर, पूर्वी चंपारण से बीजेपी सांसद राधा मोहन सिंह, वाल्मीकि नगर से जेडीयू सांसद सुनील कुमार, मुजफ्फरपुर से बीजेपी सांसद राज भूषण चौधरी भी दिल्ली रवाना हो गए हैं। इसके साथ ही पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक जीवेश मिश्रा भी दिल्ली गए हैं।

**पप्पू यादव बोले- मोदी अब पीएम नहीं बनेंगेः** पूर्णिया से निर्दलीय जीते पप्पू यादव का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि INDIA गठबंधन की सरकार बनेगी और अगर NDA गठबंधन की सरकार बन गई तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री तो नहीं बनेंगे। पप्पू यादव ने आगे कहा कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू हमेशा महात्मा गांधी के विचार पर चले हैं, ये सामाजिक न्याय की बात करते हैं। मैं उम्मीद करता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि नीतीश जी पर देश को गर्व होगा जब वह देश के भरोसे पर खरे उतरेंगे और चंद्रबाबू नायडू भी।

**पप्पू यादव को मिल सकता है बड़ा ऑफरः** सियासी घमासान के बीच जहां दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली जा रहे हैं, वहीं बीजेपी के वरिष्ठ नेता राधा मोहन सिंह को भी भाजपा आलाकमान ने दिल्ली बुला लिया है। पूर्णिया से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीते पप्पू यादव भी दिल्ली जा रहे हैं, जिसे लेकर कयास का बाजार गर्म है। पप्पू यादव हालांकि कांग्रेस में शामिल हुए थे, लेकिन कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीते। ऐसे में एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन उन्हें अपने साथ रखने के प्रयास में है। वहीं माना यह भी जा रहा है कि भाजपा भी पप्पू यादव को बड़ा ऑफर दे सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### साहेबगंज में छत से गिरकर जख्मी नवविवाहिता की मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र की पहाड़पुर मनोरथ पंचायत के मनाईन गांव में छत से गिरकर जख्मी विवाहिता की मंगलवार रात एसकेएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पहचान सनोज कुमार की पत्नी करीना कुमारी (19) के रूप में की गई है। उसकी मायका बंगरा निजामत पंचायत में थी। उसके पिता ललन राम ने बताया कि करीना मनाईन गांव के लालबाबू राम के पुत्र सनोज कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। उससे अभी कोई संतान नहीं थी। रविवार को दिन में छत से गिरकर करीना गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में एसकेएमसीएच रेफर कर दिया था। वहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को मनाईन गांव लाया गया, जहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि छत से गिरकर विवाहिता की मौत हुई है। मामले में यूडी केस दर्ज किया जाएगा। इधर, करीना की मायके में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आसपास के लोग उसे ढांढस बंधा रहे थे।

### सड़क से ऊंची नाली, जलभराव की समस्या झेल रहे लोग



**भागलपुर, एजेंसी।** अभी कई दिनों से बारिश नहीं हुई है, लेकिन अगर आप गुड्हट्टा चौक से मिरजान हाट की तरफ बढ़ेंगे तो थोड़ी दूर सड़क के बायीं ओर गली जाती है। यह गली वार्ड 45 की चंडी प्रसाद लेन कहलाती है। इस गली में जाएंगे तो इस सड़क पर आपको इस समय भी जलभराव नजर आ जाएगा। पिछले कई महीनों से यहां के लोग जलभराव की समस्या झेल रहे हैं। जिम्मेदार भी मुंह मोड़े हुए हैं। नगर निगम भी यहां से पानी निकालने के लिए कोई खास प्रयास नहीं कर रहा है। ऐसे में लोग सड़क छोड़कर नालों के स्लैब पर चलने को मजबूर हैं। वहीं, दोपहिया वाहन सवार बचते-बचाते इस रास्ते से गुजरते हैं। इस सड़क पर जलभराव की मुख्य वजह नाली का सड़क से ऊंचा होना है। नाली के सड़क से ऊंची होने के कारण नाले का गंदा पानी भी सड़क पर भरा रहता है। इसके अलावा दूसरी वजह कासिम बाग लेन में विभिन्न घरों में कराए जा रहे बोरिंग है। इधर का पानी घूमकर चंडी प्रसाद लेन में आ जाता है। ऐसे में नाली के पानी निकासी की व्यवस्था सही ढंग से नहीं होने से सड़क पर पानी भरा रहता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस संबंध में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त समेत अन्य जिम्मेदारों से भी शिकायत की गई, लेकिन समस्या दूर नहीं हो रही है। इसकी वजह से घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। घर से बाहर निकलकर दफ्तर, बाजार आदि जाना मुश्किल हो गया है। अभी तो पानी थोड़ा कम है, जब बारिश हो जाती है तो पानी के घर में घुसने जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जिम्मेदारों को चाहिए कि यहां का निरीक्षण कर समस्या का समाधान निकालें।

### कहलगांव शहर के पूरब टोला वार्ड नंबर 15 पांडे गली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव शहर के पूरब टोला वार्ड नंबर 15 पांडे गली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को वृंदावन धाम से पधारी कथावाचिका अर्चना सिंह ने प्रहलाद चरित्र एवं जर भरत कथा का प्रंसग सुनाया। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद की कहानी से हमें ये सीख मिलती है कि भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। अगर आप बिना डरे भगवान में पूरा विश्वास रखेंगे तो वे आपकी हमेशा सहायता करेंगे और आपको हर मुश्किल से बाहर निकालेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में तीन लोग यदि निष्ठापूर्वक कर्म करें तो समाज को सुंदर प्रेरणा प्राप्त होगी। पहला कथाकार जो शास्त्रों के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन करें। दूसरा कलाकार जो समाज में अच्छी कलाओ से अच्छाई का प्रदर्शन, तीसरा पत्रकार जो सच्चाई का लेखन करें। इसलिए इन तीनों को निष्ठा पूर्वक अपने कर्म का निर्वहन करना चाहिए। मंच संचालन अभय पांडे ने किया।

# एनडीए सरकार बनने के बाद लंदन जाएंगे नीतीश कुमार



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बड़ी खबर आ रही है. सूत्र बता रहे हैं नीतीश कुमार एक बार फिर से लंदन के लिए निकलने वाले हैं. नीतीश कुमार कल ही एनडीए की मीटिंग में शामिल होने के लिए पटना से दिल्ली पहुंचे थे. एनडीए की मीटिंग के बाद कल ही उन्हें पटना लौट जाने का कार्यक्रम था. लेकिन, नीतीश कुमार दिल्ली में ही रुक गए हैं. माना जा रहा है कि लंदन जाने से पहले नीतीश कुमार मोदी कैबिनेट में जेडीयू कोटे से शामिल होने वाले मंत्रियों की लिस्ट तैयार कर रहे हैं. इसके लिए बीजेपी के आला नेताओं से बातचीत करेंगे. बता दें कि नीतीश कुमार के दिल्ली में रुकने की राजनीतिक व्यस्तता तो है ही, एक और वजह से नीतीश कुमार दिल्ली रुके हुए हैं. सूत्रों की मानें तो नीतीश कुमार अगले मंगलवार को लंदन निकलने वाले हैं. आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के आगाज होने से पहले भी नीतीश कुमार लंदन चले गए थे. हालांकि, इस बार मोदी सरकार के शपथ ग्रहण के बाद वह लंदन निकल रहे हैं.

बताया यह जा रहा है कि नीतीश कुमार एक बार फिर से इलाज के लिए लंदन जा रहे हैं. इसलिए मंत्री पद जैसे मुद्दों को सुलझाने के लिए दिल्ली में रुक गए हैं. दिल्ली की राजनीतिक गलियारों में कल से ही जेडीयू कोटे से कौन मंत्री बनेगा और कौन सा मंत्रालय मिलेगा, इसकी चर्चा हो रही है. एनडीए में शामिल अन्य घटक दलों ने भी मंत्री पद को लेकर जोर आजमाइश शुरू कर दिया है. ऐसे में नीतीश कुमार दिल्ली में रह कर यह मसला सुलझा लेना चाहते हैं.

संभावना है कि लंदन दौरे से पहले नीतीश कुमार चुनाव के बाद रणनीतियों पर मंथन के लिए दिल्ली में बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे. सूत्र बता रहे हैं कि नीतीश कुमार की अनुपस्थिति में बिहार चीफ सेक्रेटरी को नीतीश कुमार अपना अधिकार दे कर जाएंगे. इस साल 7 मार्च को भी नीतीश कुमार लंदन रवाना हो गए थे. तब उनके साथ राज्यसभा सांसद संजय झा भी गए थे. इस बार भी माना जा रहा है कि संजय झा ही उनके साथ जा रहे हैं. हालांकि, सूत्र बताते हैं कि पिछले इंग्लैंड दौरे के बीच में ही नीतीश कुमार को भारत आना पड़ा था, क्योंकि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया था.

पिछले लंदन दौरे पर आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक ट्वीट कर नीतीश कुमार पर तंज कसा था. नीतीश के नाम लिए बिना आचार्या ने लिखा. 'दिमागी-भूलने की बीमारी ऐसी कि ऋषि सुनक के साथ सीट-शेयरिंग का फार्मूला तय करने चच्चा गिरगिट कुमार जा रहे हैं लंदन' हालांकि, अब रोहिणी आचार्य को सारण सीट से हार मिली है.



### कालाबाजारी के लिए उतारा जा रहा 250 बोरा चावल जब्त

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के करोम गांव में ग्रामीणों ने कथित तौर पर कालाबाजारी के लिए लाया जा रहा एक मिनी ट्रक में भरे करीब चावल 250 बोरा चावल को ट्रक सहित पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार जिला के मैरवा कोआपरेटिव से करीब 250 बोरा चावल को एक ट्रक में भरकर दरौली के करोम गांव में लाया गया और उसे एफ़सीआई के गोदाम में चावल को उतारा जा रहा था।

बिना कागजी प्रक्रिया पूरी किए और बिना रजिस्ट्रेशन के उस चावल को एफ़सीआई के गोदाम में उतारा जा रहा था। उसके बाद ग्रामीणों को भनक लगी की यहाँ एफ़सीआई गोदाम में अवैध रूप से चावल की कालाबाजारी की जा रही है। सूचना के बाद दर्जनों ग्रामीण एफ़सीआई गोदाम तक पहुंचे और चावल के बारे में पूछा। हालांकि ग्रामीणों को जब शक को हुआ तो ग्रामीण इसकी सूचना पुलिस और एसडीओ को दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ट्रक को चावल सहित लेकर थाना में पहुंची है और पूछताछ कर रही है।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई:** एसडीओ सुनील कुमार ने बताया की चावल की खरीद बिक्री कागजी प्रक्रिया के तहत होती है। चावल को खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है की बिना रजिस्ट्रेशन का ही चावल गोदाम में उतारा जा रहा है।

# पटना में वंदे भारत के रखरखाव के लिए कोचिंग कॉम्प्लेक्स बनेगा: 200 करोड़ रुपए होंगे खर्च



**पटना , एजेंसी।** वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव के लिए पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन 200 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है. इन रुपयों से पाटलिपुत्र जंक्शन के पास कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा. इस संबंध में पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया है कि कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी.

### 630 मीटर वाशिंग पिट लाइनः

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 630 मीटर लंबे वाशिंग पिट लाइन के साथ निरीक्षण एवं रखरखाव के लिए शेड युक्त लाइन का निर्माण किया जाएगा. सभी लाइन ओवरहेड वायर से युक्त होंगे. इसके साथ ही तीन अलग-अलग स्टेबलिंग लाइन का भी निर्माण किया जाएगा. इस कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण होने के बाद हेवी रिपेयरिंग शेड एव बोगी रिपेयरिंग शेड की अलग-अलग व्यवस्था दी जाएगी.

### नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण

साथ ही उन्होंने बताया कि जब यह कोचिंग कॉम्प्लेक्स पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगी तो यहां एक बार में 24 कोच वाली 10 वंदे भारत ट्रेन के मेंटेनेंस का काम किया जाएगा. सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने यह भी बताया कि इस नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स को आधुनिकता के साथ बनाया जा रहा है. पहले से जो पुरानी लाइन है उसकी ऊंचाई कम है, जिसके कारण ट्रेन के रखरखाव में समय लगता है. रेल कर्मियों को परेशानी भी होती है.

### राजेंद्र नगर कोचिंग परिसर को किया अपग्रेड

वर्तमान में 20 करोड़ की लागत से वंदे भारत के रखरखाव के लिए राजेंद्र नगर कोचिंग परिसर को अपग्रेड किया गया है. इसके तहत प्लेटफार्म 1 और 5 का उच्चीकरण किया गया है. एक एवं पांच के ऊपर ओएचई वायर को वंदे भारत रेट के अनुकूल बदलाव किया गया है. इसके लिए लोको पायलट को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है. भंडारण के लिए अलग से स्टोर रूम भी निर्माण कराया गया है.

### पाटलिपुत्र जंक्शन के पास बनेगा कॉम्प्लेक्स

बता दें कि पूर्व मध्य रेल द्वारा वर्तमान में पटना हावड़ा, पटना रांची, पटना गोमतीनगर एवं न्यू जलपाईगुड़ी पटना सहित चार वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है. पाटलिपुत्र जंक्शन के पास में जब कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण हो जाएगा तो वंदे भारत ट्रेन का रखरखाव मेंटेनेंस का काम वहीं पर किया जाएगा.



### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के बंजारी स्थित बाइपास पर ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार बालू व्यवसाई की मौत हो गई। वही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 बंजारी निवास रामाशंकर तिवारी के बेटा बबलू तिवारी के रूप में हुई है।

घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है, कि बबलू तिवारी बंजारी स्थित बाइपास मोड़ पर अपने बाइक को खड़ा कर उसी पर सवार होकर बैठे थे। तभी एक बालू लोड ट्रक चालक अपना ट्रक बैक कर रहा था और बाइक सवार पर बैठे बब्लू तिवारी को ट्रक चालक देख नहीं सका और उसे अपने चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने जख्मी को इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं सूचना दी। पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। मृतक के दो बेटा और एक बेटी है। घटना के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नगर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि ट्रक के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दो पक्षों में मारपीट, गोलीबारी, 6 गिरफ्तार

**वैशाली में आपसी वर्चस्व को लेकर वारदात को दिया अंजाम, दो देसी कट्टा सहित चार कारतूस बरामद**



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के जुरावनपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव मे पांच एकड़ जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। इस दौरान गोलियों की गुंज से इलाके में दहशत फैल गया। हालांकि घटना मे किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के मुताबिक भूमि विवाद और आपसी वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच दर्जनों राउंड गोलियां चली है। घटना की जानकारी मिलते ही जुड़ावनपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीती रात आधा दर्जन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

**दर्जनों राउंड चली गोलियां :** बता दें की वीरपुर गांव के दरबार के लोगों का करीब पांच एकड़ जमीन है। जिस पर दो लोग अपना वर्चस्व और जमीन पर कब्जे को लेकर बुधवार शाम भिड़ंत हो गई। एक तरफ वीरपुर टोला तो दूसरे तरफ लंका टोला के लोगों के बीच जमकर फायरिंग हुई। जिसमें करीब दर्जनों राउंड से गोलियां चली। घटना की जानकारी के बाद जुरावनपुर पुलिस,राघोपुर थाना की पुलिस एवं रुस्तमपुर पुलिस मौके पर पहुंच मामले मे 6 लोगो को गिरफ्तार किया।

### जमीनी विवाद में हुई गोलीबारी

थानाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने बताया की जमीनी विवाद में गोलीबारी हुई है। जिसमें महेंद्र राम पिता स्व गनौर राम ग्राम वीरपुर थाना जुडावनपुर के खेत में जबरदस्ती कब्जा करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर, स्कॉर्पियो, बाइक से हथियार से लैस होकर फायरिंग किया और खेत जोत रहे थे। जिसकी सुचना मिलते ही 6 लोगों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी महावीर यादव, मंजय कुमार, अजय राय, राजेश कुमार, विरसेन सिंह, गुड्डू कुमार है। जिनके पास से पुलिस ने 2 ट्रैक्टर, 3 बाइक, 1 स्कॉर्पियो, 6 बोतल अंग्रेजी शराब, 2 पिस्टल, 4 गोली, 4 खोखा बरामद किया गया है।

### सड़क हादसे में घायल भांजे की भी मौत :गिट्टी लदे हाईवा ने बाइक में मारी थी टक्कर

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में गिट्टी लदे हाईवा ने बाइक सवार मामा-भांजे को रौंद दिया था। हादसे में मामा की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि भांजा घायल हो गया था। उसे प्राथमिक उपचार अनुमंडल अस्पताल कहलगांव ले जाया गया था। जहां से मायागंज रेफर कर दिया गया था। जहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। मृतक मामा तीनटंगा निवासी स्वर्गीय महाराज मंडल के रजनी प्रभात (40) हैं। जबकि भांजा पीरपैंती थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव के देवेंद्र कुमार (30) हैं। जिनका पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। दोनों मायागंज अस्पताल में भर्ती बीमार फूफा से मुलाकात कर वापस घर लौट रहे थे। शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र के विक्रमशिला स्टेशन के पास एनएच- 80 पर हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद चालक हाईवे मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवे को जब्त कर लिया है। मामले की छानबीन में जुट गई है। मरने वाले दोनों अपने सगे मामा भांजा हैं। मृतक देवेंद्र के भतीजे राजू ने बताया कि अपने फूफा से मुलाकात कर मायागंज से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार हाईवा ने रौंद दिया। बीमार पिता पिछले दिनों से मायागंज अस्पताल में भर्ती है।

### दोनों रसीदपुर गांव जा रहे थे

शिवनारायणपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने बताया कि विक्रमशिला स्टेशन के समीप एनएच- 80 पर बाइक और हाईवे की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक पर सवार दो लोग थे। जिनमें से एक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल कहलगांव भेजा गया। दोनों पीरपैंती थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव जा रहे थे।

# भोजपुर में अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार




**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर बाजार में पुलिस ने छापेमारी कर एक वांछित बदमाश को अवैध हथियार के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी अभिषेक सिंह है। पकड़े गए आरोपित के पास से एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किया गया है। इधर, सदर डीएसपी टू रंजीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। वह पहले से लूट व चोरी के कांडों में चार्जशीटेड रहा है।

### प्रेम-प्रसंग में मारी थी गोली

पूर्व के गोली कांड में भी संलिप्त रहा था। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर चांदी थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने मठियापुर में छापेमारी कर वांछित को धर दबोचा। बात दे की तीन मई को संदेश प्रतापपुर गांव निवासी अभिराज सिंह प्रतापपुर-मठियापुर मोड़ स्थित कुशवाहा मार्केट में अपने दोस्त के गैरेज पर बैठे हुए थे । तभी हथियारबंद बदमाश वहां आ धमका था और उन्हें गोली मार फरार हो गया था। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। प्रेम-प्रसंग संबंधी विवाद की बात चर्चा में आई थी। अक्टूबर से ही विवाद चला आ रहा था।इसके बाद से ही पुलिस को आरोपित की तलाश थी।

### छापेमारी अभियान में 25 धराए

एसपी के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी व शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 25 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में एक, पुलिस पर हमले में दो, आर्म्स एक्ट में दो, रंगदारी में एक, वारंट में तीन व शराब में 14 आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़े है। अभियान के दौरान दो शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 44 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। करीब 400 लीटर शराब विनष्ट कर दिया गया। करीब 626 वाहनों की जांच की गई।

### 18 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया

करीब एक लाख 18 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। दो देसी कट्टा व दो गोली बरामद किया गया। दो बाइक को जब्त किया गया। सिकरहटा थाना पुलिस ने पुलिस पर हमले के मामले में वांछित आरोपित को धर दबोचा। करनामेपुर थाना पुलिस ने पुलिस पर हमला व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में वांछित आरोपित को धर दबोचा। छह सालों से तलाश थी। कोईलवर थाना पुलिस ने रंगदारी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। संदेश व चांदी पुलिस ने आर्म्स एक्ट में दो को गिरफ्तार कर लिया। इमादपुर पुलिस ने बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया।

# दो हफ्तों के भीतर एईएस कार्य में सुधार एवं प्रगति पर सीडीपीओ करें रिपोर्ट

चाणक्य भूमि मुजफ्फरपुर

जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में एईएस जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में आईसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। आईसीडीएस के सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया के तहत एईएस संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा 80 प्रतिशत से कम प्रदर्शन करने वाले 11 महिला पर्यवेक्षिका से स्पष्टीकरण करते हुए जून माह का वेतन बंद करने का निर्देश दिया गया है। बरूराज सीडीपीओ के बैठक से अनुपस्थित रहने तथा उनके प्रखण्ड में एईएस



संबंधी कार्य की प्रगति असंतोषजनक रहने के कारण उनका जून माह का वेतन बंद किया गया है। जिलाधिकारी ने डीपीओ, आईसीडीएस को निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखण्ड अन्तर्गत दो न्यून प्रदर्शन करने वाले महिला पर्यवेक्षिका के कार्यों की समीक्षा करें तथा प्रगति लाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को दो सप्ताह का समय देते हुए एईएस संबंधी कार्यों में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने तीन इन्डीकेटर के तहत महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ के कार्यों की समीक्षा कीः

महिला पर्यवेक्षिका को 10 घरो का भ्रमण करना है, तो कितना घर भ्रमण की।

सेविका को 20 घर भ्रमण करना है, तो कितना घर भ्रमण की।

एईएस पर आधारित कितना कार्यक्रम संपादित किया गया।

इसके लिए 16 मार्च से 30 मई तक के 55 कार्य दिवस के एईएस

- एईएस पर हुए कार्यक्रम की जिलाधिकारी ने मांगी रिपोर्ट
- स्वास्थ्य विभाग को निरंतर बैठक का दिया निर्देश

संबंधी कार्यो की समीक्षा करते हुए महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ को 14 दिन के भीतर कार्य में सुधार एवं प्रगति लाने का निर्देश दिया। इसके लिए डीपीओ आईसीडीएस को स्थलीय भ्रमण कर न्यून प्रदर्शन वाले महिला पर्यवेक्षिका के कार्यों की समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के डीपीओ को 10 जून से विद्यालयों के प्रार्थना सभा में विशेष अभियान चलाकर एईएस संबंधी परिचर्चा करने, बातचीत करने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस संबंध में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया कि कितने विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान एईएस की परिचर्चा सम्पन्न हुई तथा कितने बच्चों ने भाग लिया।

जीविका के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को जीविका दीदीयों के माध्यम से एईएस संबंधी जागरूकता को गति प्रदान करने तथा विविध गतिविधियां संचालित करने का निर्देश दिया।

सभी प्रखण्डों में प्रखण्ड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक करने तथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को एईएस की जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों को नेतृत्व प्रदान करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

उन्होंने सीविल सर्जन को एईएस पर आधारित साप्ताहिक बैठक कराने तथा उस बैठक मे विभागवार प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अगली बैठक में सभी सीडीपीओ को पुनः उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्वयं शनिवार को पंचायत का भ्रमण करने तथा एईएस की जागरूकता अभियान में शामिल होने का आश्वासन दिया।

बैठक में अवगत कराया गया कि जिलान्तर्गत एईएस के 12 मामले प्रतिवेदित हैं, जो स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के उपरान्त अपने घर वापस चले गये हैं।

एईएस का नियंत्रण कक्ष का नम्बर निम्नवत हैः- 18003456629, 0621-2266055, 0621-2266056

बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, सिविल सर्जन डॉक्टर अजय कुमार, एईएस नोडल सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सतीश कुमार, डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती चॉदनी सिंह, सभी सीडीपीओ, सभी महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही सभी प्रखण्डों से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में संबद्ध थें।

# पुलिस ने नक्सली कैलास ठाकुर को शिवहर से किया गिरफ्तार

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

लौकरिया थाने की पुलिस ने नक्सली कैलाश ठाकुर को शिवहर जिला के पूरानहिय से गिरफ्तार किया है। नक्सली कैलाश ठाकुर पर 2020 में हरनाटांड़ में लेवी के नाम पर दीवारों एवं सड़कों पर चस्पाने पाने का आरोप है। रामनगर एसडीपीओ नन्द जी प्रसाद ने बताया कि 2020 मे हरनाटांड़ के सड़कों एवं गलियों के दीवारों पर भाकपा माओवादी के नाम पर लेवी की मांग करते हुए पर्चा को चस्पाय पाया गया था। इस मामले में कैलाश नामजद अभियुक्त था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। इधर मिली सूचना के आधार पर

- गिरफ्तारी के बाद नक्सली को भेजा गया न्यायायिक हिरासत में। नक्सली कैलाश पर हरनाटांड़ में लेवी का पर्चा चस्पाने का है आरोप 2020 में हरनाटांड़ में सड़क एवं दीवारों पर लेवी का चस्पाया पाया गया था पर्चा

लौकरिया थाने की विशेष टीम के द्वारा शिवहर से नक्सली कैलाश ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद नक्सली कैलाश को गुरुवार की देर शाम न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया।




# भव्या कार्यक्रम को लेकर जिलास्तरीय अधिकारियों की हुई बैठक

चाणक्य भूमि मोतिहारी

जिले मे भव्या कार्यक्रम को लेकर जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक सिविल सर्जन मोतिहारी डॉ विनोद कुमार सिँह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित राजेंद्र भवन में आयोजित की गईं। जिसमें भव्या कार्यक्रम के तहत दिए जा रहे सभी सेवाओं का प्रखंडवार उपलब्धियों की समीक्षा की गईं, साथ ही बैठक मे मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना अन्तर्गत भव्या कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही भव्या के सभी मॉड्यूल पर क्षमता वर्धन भी किया गया। सिविल सर्जन के द्वारा सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया की सभी डॉक्टर दिन मे 8.30 से ओपीडी सेवा देना सुनिश्चित करें। सभी मरीजों का शत-प्रतिशत वायटल जांच की जांच की जाय। सभी मरीजों का ऑनलाइन कंसलटेशन सुनिश्चित किया जाय। अस्पताल मे आए हुए



मरीजों का आभा आईडी बनाया जाय, साथ ही उन्हें स्कैन एंड शेयर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाय ताकि रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भीड़ से बच सके।ओपीडी व्यवस्था को पूर्णतः डिजिटलाइजेशन करते हुए पेपरलेस करने पर जोर दिया जाए।एएनएम अथवा स्टॉफ नर्स द्वारा मरीजों की वाईटल, चीफ कम्प्लेन आदि दर्ज करने का निर्देश दिया गया।अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया की

सदर अस्पताल में भव्या कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ

- सुबह 8.30 से ओपीडी सेवा देना सुनिश्चित करें चिकित्सक - सीएस

मिशन अंतर्गत वेब पोर्टल के माध्यम से पेपर लेस बनाने के उद्देश्य से मरीजों का लाइव इलाज किया जा है।

**स्वास्थ्य संस्थानों मे उपलब्ध हे संसाधन-**

जिले के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अमानुल्लाह अमन ने बताया की प्रत्येक संस्थानों में डिजिटल ओपीडी सेवा हेतु दो लैपटॉप तीन डेस्कटॉप एक मोबाइल टैब एवं इंटरनेट कनेक्शन आदि की सुविधा प्रदान की गई है उन्होंने बताया की जिन चिकित्सकों द्वारा भव्य कार्यक्रम में रुचि नहीं ली जा रही है उनको सुधार करने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो,वही उन्होंने बताया की इस प्रकार की सुधार न होने पर विभागीय कार्रवाई करने की बात की गई है।अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अमानुल्लाह ने बताया की मई 2024 में भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 1लाख 21हजार 161 मरीज का पंजीकरण किया गया जिसमे कॉल 4757 मरीजों को ऑनलाइन कांस्टेलेशन प्रदान की गई। 28,790 मरीज का वाईटल एवं 48,200 मरीज का मुख्य समस्याओं का निदान किया गया।ततपश्चात भव्या में बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टर प्रिया कुमारी साह रक्सौल, डॉ निशांत कुमार अरेराज, डॉ अमाज आलम सुगौली, डॉ प्रहस्त कुमार रामगढ़वा को भव्य कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु सिविल सर्जन द्वारा प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमारपासवान, डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा,डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन,अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अमानुल्लाह, पिरामल डीसी राजेश कुमार गिरी, अतुल श्रीवास्तव , एवं सभी प्रखंड के एमओआईसी व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# वट वृक्ष के पास महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



चाणक्या भूमि मैनाटांड

**मैनाटांड** । प्रखंड क्षेत्र में हर वर्ष सुहागन महिलाओं द्वारा ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि वटवृक्ष की जडों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों व पत्तियों में भगवान शिव का निवास स्थान है एवं इस वृक्ष की लटकती हुई शिराओं में देवी सावित्री का निवास है। अपनी विशेषताओं और लंबे जीवन के कारण इस वृक्ष को अनश्वर माना जाता है। इसीलिए महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार की समृद्धि के लिए यह व्रत रखती है। वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था तब से यह व्रत 'वट सावित्री' के नाम से जाना जाता है। महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती हैं तो उन्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है,परिवार पर किसी प्रकार का कोई संकट नहीं आता। वट वृक्ष की नियमित पूजा करने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इन्हीं सब मान्यताओं को लेकर गुरुवार के दिन प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांव में महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा एवं पूजा पाठ किया।







# बगहा पुलिस की कार्रवाई में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

चाणक्य भूमि बगहा

बगहा पुलिस जिला में बुधवार को विगत 24 घंटा में 05 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल-06 वारंट का निष्पादन किया गया है जिसमें जमानतीय 04 अजमानतीय 02 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने दिया।उन्होंने बताया कि भैरोंगंज थाना, रामनगर थाना,लौकरिया थाना,ठकराहाँ थाना द्वारा शराब के काण्ड,अन्य काण्ड तथा एससी/एसटी कांड में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 20 लीटर देशी शराब, 01 मोटरसाईकिल बरामद किया गया हैं।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया जॉच के क्रम में धनहाँ थाना द्वारा-26,000, रामनगर थाना द्वारा-21,500, यातायात थाना



- बगहा पुलिस की कार्रवाई में 05 अभियुक्त गिरफ्तार,20 लीटर देशी शराब, 01 मोटरसाईकिल बरामद, 68,500 रूपये का लगा जुर्माना

द्वारा-20,000, चौतरवा थाना द्वारा-1,000 इस प्रकार कुल-68,500 रूपये का जुर्माना लगाया गया।वही गुरुवार को पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के द्वारा हर कार्य दिवस की तरह अपने कार्यालय कक्ष में आम जनता,परिवादियों की समस्या सुनी तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# उद्घाटन की बाट जो रहा है नवनिर्मित अस्पताल भवन

चाणक्य भुमि योगापट्टी

योगापट्टी प्रखण्ड में अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र बन कर तैयार हो गया है। परंतु इसका उदघाटन नहीं होने से यहां मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है।

इस संबंध में पंचायत के मुखिया भोला राम ने कहा की यह अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र बन कर तैयार है। इसका उदघाटन हो जाने से आस पास के दर्जनों गांव के लोगों का इलाज कराने में काफी सहुलियत होगी। वहीं इस संबंध में जिला पदाधिकारी सहित सिविल सर्जन व अन्य अधिकारियों से इस नवनिर्मित अस्पताल भवन का लोकार्पण हेतु ध्यान आकृष्ट कराया गया है।



वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया की भवन निर्माण हो चुका है सिविल सर्जन महोदय को इस आशय की जानकारी दी गई है।। विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण के बाद तथा आला अधिकारियों के निर्देश पर लोकार्पण कराया जायेगा।

वहीं इस संबंध में ग्रामीण किशन मिश्रा राजु यादव गोलु वर्मा आदि ने जिला पदाधिकारी सहित आला अधिकारियों से इसकी लोकार्पण की मांग की है।







# विष्णु महायज्ञ को 1500 कुंवारी कन्याओं के साथ निकला कलश यात्रा



चाणक्य भूमि (बैरिया)

बैरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बैरिया प्रखंड मुख्यालय के समीप हो रहे महायज्ञ को लेकर धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाला गया। आपको बता दे कि यह कलश यात्रा बैरिया से निकालकर लौकरिया गंडक नदी घाट पर पहुंची। जहां पर आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ 1500 कुमारी कन्याओं ने जल भरा उसके बाद पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। आपको बता दे 6 जून से लेकर 16 जुन तक तक पुजा अर्चना होगा इस महायज्ञ में अयोध्या समेत नेपाल से भी साधु संत पहुंचे हैं। जहां प्रत्येक दिन कथा वाचन भी होगा। रात्रि में गोरखपुर के महिला रामलीला मंडली के द्वारा भी कार्यक्रम किया जाएगा।

# मैनाटाड़ से चोरी की बाइक सहित दो युवक गिरफ्तार,गये जेल

चाणक्य भूमि

**मैनाटाड़**। स्थानीय पुलिस ने चोरी की बाइक सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है।मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि निजी फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले प्रदीप कुमार शुक्ला जो मैनाटाड़ में ही डेरा लेकर रहते हैं।उनकी बाइक मंगलवार की रात्रि उनके डेरा से चोरी कर ली गयी।सूचना मिलते ही पुलिस अनुसंधान में जुट गयी। अनुसंधान के दौरान रमपुरवा के आशीष कुमार को प्रदीप कुमार शुक्ला के चोरी की गयी बाइक सहित उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक आशीष कुमार ने बाइक चोरी करने में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया ।साथ ही उसके द्वारा पूछताछ करने पर मैनाटाड़ के अमरकिशोर प्रसाद को भी धर दबोचा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मैनाटाड़ के मार्केट में ही बेल्डिंग दुकान में मंगलवार की रात को चोरी की गयी थी। गैरेज में चोरी की गयी साम्रगी हथौड़ा,रेंजर साइकिल सहित अन्य समान भी बाइक चोर अशीष कुमार के पास से बरामद किया गया। गैरेज में चोरी और बाइक चोरी के मामले में अलग अलग केस दर्ज कर पकड़े गये दोनों चोर आशीष कुमार और अमरकिशोर प्रसाद को न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गश्त को पूर्व से और तेज कर दिया गया है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714